## एक नजर में



### दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन के एसबीआईसी तेजस्वी कार्यक्रम का जिला स्तरीय द्विदिवसीय प्रशिक्षण 11 सितम्बर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाराजवाड़ा क्रमांक-2 में पूर्ण हुआ। माइंडफूलनेस के साथ प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण का उद्घाटन विद्यार्थियों के मध्य कौशल विकास, स्किल इंडिया एवं उद्यमिता संवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। तेजस्वी कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में 21वीं सदी की आवश्यक दक्षताओं जैसे आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान, टीमवर्क एवं उद्यमिता कौशल का विकास करना है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से कक्षा 11 के विद्यार्थियों हेतु अभिकल्पित है तथा वर्तमान में मध्यप्रदेश के भोपाल, उज्जैन, इंदौर, नरसिंहपुर सहित समस्त पीएम श्री विद्यालयों में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। मास्टर ट्रेनर एवं मीडिया प्रभारी प्रवीण पटेल ने अवगत कराया कि इस सत्र में जिले के 104 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से आए 100 शिक्षकगण एवं 12 मास्टर ट्रेनरों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण में प्रशिक्षण हाथियों को ह्यूमन नॉट सॉल्यूशन चेलेंज, नॉनवर्बल कम्युनिकेशन एक्टिविटी, एस.बी.आई.सी. की गहन समझ, टीम निर्माण, आइडिया सिलेक्शन एवं प्रस्तुतीकरण, पिच वीडियो निर्माण, उत्पाद की पैकेजिंग, विपणन, बिक्री तथा लाभ अर्जन जैसे बिंदुओं पर विस्तृत विमर्श एवं अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में भोपाल से तेजस्वी की प्रतिनिधि पूजा त्रिपाठी, उज्जैन प्रभारी अदिति श्रीवास्तव तथा श्रुति पाण्डे द्वारा सभी सहभागियों का सतत मार्गदर्शन किया गया। भारत की दिशा में अग्रसर करने का सशक्त माध्यम भी हैं। कार्यक्रम के अंत में शासकीय उच्चतर माध्यमिक सीएम राइस सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य श्री शिव सिंह अहिरवार सर द्वारा सभी मास्टर ट्रेनर्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और सभी शिक्षकों को शासन की तेजस्वी योजना को बेहतर ढंग से विद्यालयों में लागू करने एवं इसका लाभ प्रत्येक छात्र तक पहुंचाने का आव्हान किया गया।



### लक्ष्य के प्रति समर्पण खिलाड़ियों के श्रृंगार

**उज्जैन।** कड़ी मेहनत, अनुशासन, जुनून, लक्ष्य के प्रति समर्पण, खिलाड़ियों के श्रृंगार है। मेहनत को पसीने की चाशनी में डुबोकर कुंदन सा महकाने वाले खिलाड़ी ही सफलता के शिखर पर परचम फहराते हैं। किसी भी खेल का कोच अपने खिलाड़ी को कड़ी मेहनत, तकनीक कौशल के द्वारा करवा कर विश्व स्तर का बना सकता है। स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र आयरन गेम्स, बॉडीबिल्डिंग, पावरलिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग आर्म स्लिंग खेल का हब बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदत्त 20 लाख रुपए के नवीन आधुनिक उपकरण से खिलाड़ियों एवं व्यायाम प्रेमियों की गुणवत्ता में हिज़ाफा होगा। उक्त खेल उदगार स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र के अवलोकन एवं खिलाड़ी सम्मान अवसर पर नगर निगम आयुक्त आईएएस अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए व्यक्त किये। अध्यक्षता संस्था के चेयर मेन प्रेमसिंह यादव ने की। स्वस्थ संसार जिम के 25 वर्षीय इतिहास की जानकारी पूर्व मिस्टर इंडिया जितेंद्र कुशवाह ने प्रदान की। सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास थे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय एशियाई स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी मयंक जोशी (पावरलिफ्टिंग), अजय आंजना (पंजा कुश्ती), अफराज खान (बॉडीबिल्डिंग) का विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया। आयुक्त अभिषेक मिश्रा का मालवी पगड़ी मोमेंटो, शाल, श्रीफल से अभिनंदन जय सिंह यादव, कमल नंदवाना, आकाश सिंह परिहार एवं सुजल बामनिया ने किया। अभिषेक मिश्रा द्वारा नवीन व्यायाम उपकरण पर व्यायाम कर गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।

### सिटी कैंपस अहमदाबाद में शीघ्र प्रारंभ होगा



**उज्जैन।** क्वीन्स बिजनेस स्कूल बेलफास्ट के प्रमुख एवं भारतीय मूल के एमएस रविशंकर ने एसएस नारंग को बताया कि अब वैश्विक शिक्षा, विश्व-स्तरीय फैकल्टी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त डिग्री के लिए भारत छोड़ने की ज़रूरत नहीं है। क्यूयूबी गिफ्ट सिटी में रसेल ग्रुप यूनिवर्सिटी से यूके डिग्री, क्वीन्स बेलफास्ट स्कूल जैसी ही पाठ्क्रम संरचना और अकादमिक गुणवत्ता, अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी और मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपको दोनों दुनियाओं का सर्वश्रेष्ठ मिलता है। वैश्विक स्तर पर सम्मानित मास्टर्स डिग्री द्य भारत के सबसे तेजी से बढ़ते बिजनेस और इनोवन हब्स में से एक में पढ़ाई। एसएस नारंग नें बताया कि पहले इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर के माध्यम से इंडस्ट्री एक्सपोज़र न वीज़ा की चिंता, न अंतरराष्ट्रीय रहने का खर्च सिर्फ स्मार्ट, भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली। नारंग ने यूनाइटेड किंगडम प्रवास के दौरान क्वीन्स बिजनेस स्कूल बेलफ़ास्ट के प्रमुख एवं भारतीय मूल के एमएस रविशंकर का सम्मान किया।

### डॉ. गौरव को मिला सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान




**उज्जैन।** डॉ. गौरव बगड़ा को वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विधाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय-संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने स्थानीय अवंतिका यूनिवर्सिटी में 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। महाराज ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक राजमोहनसिंह, कुलगुरु अवंतिका यूनिवर्सिटी डॉ. नितिन राणे एवं डॉ. मनेश पाटिल रजिस्ट्रार अवंतिका यूनिवर्सिटी की उपस्थिति में डॉ. बगड़ा को शाल श्रीफल व सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का प्रशस्ति प्रदान करते हुए उन्हें उत्तरोत्तर प्रगति का आशीर्वाद दिया। उपस्थित विशिष्टजनों के साथ संकाय सदस्यों एवं छात्रों ने बगड़ा को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### मिश्रा व इंदौर के संभागायुक्त भी महाकाल पहुंचे



**उज्जैन।** मप्र के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा भी गुरुवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल के दरबार में पहुंचे। उन्होंने भी गर्भगृह के बाहर से ही खड़े होकर बाबा के दर्शन किए। फिर नंदीहॉल में बैठकर पंडितों से पूजन कराया। सुबह इंदौर के नए संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने भी उज्जैन आकर महाकाल के दर्शन किए। वे इंदौर से संभागायुक्त आशीष सिंह के साथ ही यहां पहुंचे थे।

# सिंहस्थ की तैयारियों के बीच बेगमबाग में बड़ी कार्रवाई, अवैध निर्माण पर गिरी गाज

## 3 माह में 13 इमारतें ध्वस्त, पांच सर्वे नंबरों पर बने 11 मकान जमींदोज, स्टे हटने के बाद हो रही कार्रवाई, अभी कई मकान और टारगेट पर है

**उज्जैन। महाकाल मंदिर जाने वाले मार्ग पर हरि फाटक ब्रिज के आगे बेगम बाग कॉलोनी विकास प्राधिकरण के निशाने पर हैं। 28 मकान की लीज यूडीए द्वारा पूर्व में निरस्त की गई थी और उन मकानों को अब तोड़ा जा रहा है। जिसमें हाई कोर्ट की बाधा धीरे-धीरे हट रही है। गुरुवार को भी 11 मकान विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिए।**






सिंहस्थ 2028 की भव्य तैयारियों के बीच उज्जैन विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को बेगम बाग इलाके में बड़ी कार्रवाई की। यहां पांच भूखंडों पर बने 11 अवैध मकानों को जमींदोज कर दिए यह कार्रवाई हाईकोर्ट से स्टे हटने के बाद संभव हो सकी है। सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि लगभग 40 साल पहले आवासीय योजना के तहत भूखंड आवंटित किए गए थे। समय के साथ नियमों की अनदेखी कर लोगों ने यहां होटल, दुकानें और अन्य व्यवसायिक गतिविधियां तो शुरू की ही कई लोगों ने लीज का नवीनीकरण तक नहीं कराया और कुछ ने इन संपत्तियों को दूसरों को बेच दिया। वर्ष 2024 में यूडीए ने 28 मकानों की लीज निरस्त कर निर्माण को अवैध घोषित किया था। इन्हें अब चरणबद्ध तरीके से कब्जे में लिया जा रहा है। महाकाल मार्ग पर भक्तों की आस्था भी मटन चिकन देखकर आहत हो रही थी उन्होंने भी कई बार इसकी शिकायत की थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सिंहस्थ 2028 उज्जैन की मर्यादा और गौरव से जुड़ा आयोजन है। इसीलिए सरकार और प्रशासन अवैध निर्माण पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं। सीएम डॉ. यादव ने 29 किलोमीटर लंबे घाट, मोक्षदायनी मां शिप्रा के जल से ही सिंहस्थ में स्नान और टु लेन, फोरलेन, मेट्रो ट्रेन एयरपोर्ट से लेकर सिक्स लेन कि सौगात देने की बात कही है।

### मौके पर हुआ विवाद पुलिस ने शांत कराया

बेगम बाग मार्ग पर गुरुवार को विकास प्राधिकरण की टीम सुबह 8 बजे पांच जेसीबी 4 पोकलेन के साथ महाकाल थाना पुलिस बल अन्य थानों की टीम नगर निगम जिला प्रशासन के अधिकारी 200 की संख्या में पहुंचे और सुबह से लेकर शाम तक 5 प्लाट पर बने। 11 मकान होटल रेस्टोरेंट तोड़ दिए। कुछ मकान सकरी गलियों में थे, उन्हें भी तोड़ा गया। जिसमें एक स्कूल भी शामिल है। कार्रवाई के दौरान महाकाल मंदिर मार्ग को आम जनों के लिए बंद कर दिया गया था और वैकल्पिक मार्गों से आवागमन जारी था, विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी से लेकर नगर निगम के यहां पर आयुक्त संतोष टैगोर भी मौके पर मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान हल्का-फुल्का विवाद भी हुआ पुलिस ने विवाद कर रहे लोगों को समझाइए देकर मौके से दूर हटाए।

### महाकाल लोक के बाद बनी होटल और दुकानें

महाकाल लोक बनने के बाद बेगम बाग और आसपास के क्षेत्रों में होटल और दुकानों का अवैध विस्तार तेजी से हुआ। धार्मिक पर्यटन बढ़ने का फायदा उठाकर कई लोगों ने यूडीए के नियमों की अनदेखी की और व्यावसायिक निर्माण कर डाले, कइयों ने यहां ट्रेवल्स के ऑफिस में डाल लिए थे। प्रशासन का मानना है कि सिंहस्थ 2028 के दौरान लाखों श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। ऐसे में शहर का यातायात, आवागमन और सौंदर्यीकरण प्रभावित न हो इसलिए अवैध निर्माण हटाना जरूरी है। जिला प्रशासन और राज्य सरकार भी इन कार्रवाइयों को सिंहस्थ की तैयारियों का हिस्सा मान रही है। यूडीए के अधिकारियों का कहना है कि अब स्थानीय लोग भी कार्रवाई का समर्थन कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि इससे क्षेत्र का विकास और व्यवस्थाएं बेहतर होंगी।

### 3 महीने में तोड़े 13 मकान

नवभारत से चर्चा में यूडीए सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि वर्षों पहले बेगम बाग कॉलोनी में रहवासियों को रहने के लिए मकान प्लाट दिए थे। इन्होंने नियमों को ताक पर रखते हुए रेस्टोरेंट होटल बनाकर व्यावसायिक गतिविधि चालू कर दी। जो लीज शर्तों का उल्लंघन है। रहवासियों से न सिर्फ इस संबंध में चर्चा की गई बल्कि समय-समय पर नोटिस भी दिए और बाद में लीज निरस्त की। कोर्ट से स्टे की बाधा हटाने के बाद विकास प्राधिकरण द्वारा कार्रवाई की जा रही है। पिछले तीन माह में अब तक 13 इमारतें यूडीए गिरा चुका है। विकास प्राधिकरण ने बेगम बाग कॉलोनी में एक नॉनवेज होटल को भी तोड़ा है। इसने भी नियम विरुद्ध संचालन कर रखा था और लीज विकास प्राधिकरण ने पूर्व में ही निरस्त कर दी थी। कोर्ट से उनके पास स्टे था स्टे हटने बाद अंगारा नामक रेस्टोरेंट को ढहा दिया गया।

# बाजार में नकली नोट चलने वाला गिरोह पकड़ाया

## 4.97 लाख रुपए के नोट बरामद, छपाई के उपकरण भी जब्त किए गए




**उज्जैन। बाजार में नकली नोट चलाने वाले गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 4.97 लाख के नकली नोट और छपाई के उपकरण जब्त किए गए हैं। गिरोह के पांच सदस्यों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। मुख्य सरगना बुरहानपुर का रहने वाला है और वर्तमान में देवास जेल में बंद है।**

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि 1 सितंबर को फ्रीगंज स्थित प्रजापति इलेक्ट्रॉनिक्स पर एक युवक ने 23000 रुपए के नकली नोट देखकर वाशिंग मशीन और मोबाइल खरीदा था। भुगतान के दौरान उसने 100 और 200 के नोट दिए थे। इलेक्ट्रॉनिक संचालक होरीलाल प्रजापत को नोट नकली होने की जानकारी लगी तो मामले की शिकायत माधव नगर थाना पुलिस से की गई। पुलिस में वाशिंग मशीन और मोबाइल खरीदने वाले दुर्गेश पिता सुखराम डाबी निवासी ग्राम देवली तहसील तराना हाल मुकाम अशोक नगर को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि दोस्त शुभम पिता प्रकाश चंद्र कड़ोदिया निवासी गिरिराज रतन कॉलोनी ने बताया था कि छोटी मायापुरी ढांचा भवन के समीप रहने वाले कमलेश पिता गोपाल लोधी और प्रहलाद पिता कचरू निवासी ग्राम गोलवा तराना 30 प्रतिशत में नकली नोट देते हैं। वह शुभम और शेखर पिता महेश यादव निवासी महानंदा नगर के साथ कमलेश और प्रजापत से मिलने पहुंचा। जहां 90 हजार रुपए देकर 3 लाख के नोट लिए थे जिसे आपस में बाटकर बाजार में चला रहे थे। पुलिस ने कमलेश और प्रहलाद को ढांचा भवन से गिरफ्तार किया। पांचों आरोपियों से 4.97 लख रुपए के नकली नोट और सीपीयू, कलर, प्रिंटर, बटर पेपर, केमिकल और कटर बरामद किया गया है। पांचो आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

### गिरोह का सरगना देवास में पकड़ाया

नकली नोट गिरोह के आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि सरगना सुनील पिता बाबूराव पाटील निवासी बुरहानपुर है। जिसे डेढ़ माह पहले देवास पुलिस ने नकली नोट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कमलेश और प्रहलाद देवास में उसके साथ ही नकली नोट छापने का काम करते थे। पुलिस अधीक्षक के अनुसार देवास जेल में बंद आरोपी सुनील को पूर्व में भी नकली नोट मामले में सजा हो चुकी है जिसे न्यायालय से प्रोटेक्शन वारंट पर पूछताछ के लिए लाया जाएगा।

### कमलेश-प्रहलाद भी एनडीपीएस के आरोपी

बाजार में नकली नोट खपाने के लिए देने वाले आरोपी कमलेश और प्रहलाद भी अपराधिक प्रवृत्ति के हैं पूर्व में उनके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के मामले दर्ज हो चुके हैं। जिसमें उन्हें सजा दी हुई थी। प्रहलाद को मादक पदार्थ के साथ एसटीएफ की टीम ने पकड़ा था। जेल में रहने के दौरान ही उनकी सुनील से मुलाकात हुई थी। 6 माह पहले सुनील जमानत पर बाहर आया था इसके बाद तीनों मिलकर नकली नोट छापने का काम करने लगे थे।

# अवैध शराब के साथ पुलिस की गिरफ्त में आए वाहन चोरी के आरोपी

## बोलोरो के साथ चुराई थी दो बाइक, एक साथी जेल में



**उज्जैन। अवैध शराब के साथ गिरफ्त में आए दो बदमाशों से वाहन चोरी का खुलासा हुआ है। बदमाशों के एक साथी को कुछ दिन पहले पुलिस ने अवैध शराब के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बदमाशों की निशानदेही पर महिंद्रा बोलेरो और एक यामाहा आर वन 5 बाइक बरामद की गई है।**

नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन से दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने संवराखेड़ी बायपास मार्ग पर घेराबंदी की। बोलोरो पिकअप को रोका गया जिसमें अरविंद पिता वीरेंद्र मीणा निवासी कुंभराज गुना और दशरथ पिता बगदू निवासी आगर सवार होना सामने आए। दोनों को हिरासत में लिया गया और गाड़ी की तलाशी ली गई जिसमें 10 लीटर कच्ची जहरीली शराब की केन रखी मिली। मामले में अवैध शराब तस्करी का प्रकरण दर्ज कर बोलेरो के संबंध में जानकारी जुटा गई तो सामने आया कि दोनों ने अपने साथी गोविंद माली के साथ मिलकर बालाजी परिसर से चोरी की थी। वाहन चोरी का खुलासा होने पर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने जंतर मंतर जयसिंहपुरा और शांति पैलेस के पास से दो बाइक चोरी करना भी कबूल कर लिया। एक बाइक पुलिस ने वाकणकर बीच के पास झाड़ियां में से बरामद कर ली है जहां बदमाशों ने छुपा कर रखी थी। एक बाइक राजस्थान में बेचना बताया है। पुलिस के अनुसार दोनों वाहन चोर बदमाशों के साथी गोविंद पिता बंसीलाल माली निवासी लोहार पट्टी को कुछ दिन पहले अवैध शराब के साथ पकड़ा था जिसे जेल भेजा गया है। वाहन चोरी में शामिल होने पर उसे जेल से पूछताछ के लिए लाया जाएगा। फिलहाल दशरथ और अरविंद को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

# प्राण घातक हमले के आरोपियों ने कोर्ट में किया सरेंडर

## 13 दिन पहले युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया था

**उज्जैन। 13 दिन पहले युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले 2 फरार आरोपियों ने को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया है।**

निजातपुरा बम्मनवाड़ा में रहने वाला प्रहालद पिता कमल बाथरी 27 अगस्त को तड़के 5 बजे आगररोड स्थित देशी शराब दुकान (कलाली) पर पहुंच गया। जहां पहले से गांधीनगर का रहने वाला गौरव मराठा, अपने साथी कुणाल और देवन्द्र उर्फ ध्रुव के साथ शराब लेने आया हुआ था। शराब लाइन में पहले शराब लेने की बात पर विवाद होने पर तीनों ने प्रहलाद पर चाकू से हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल प्रहलाद को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। गौरव मराठा निवासी गांधीनगर को कुछ घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके दोनों साथी फरार थे। पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। फरार आरोपी कुणाल और देवेन्द्र निवासी मोहननगर ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस को आरोपियों के कोर्ट में पेश होने की खबर मिली तो न्यायालय पहुंची। जहां से दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिये 1 दिन की रिमांड पर लिया है।

### फॉरस कप में आरएल वर्मा रेफरी नियुक्त

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक फेडरेशन द्वारा 18 से 21 सितंबर को इजिप्ट काईरा साउथ अफ्रीका ओर अरेबियन देश में होने जा रहे फॉरस कप में जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आर एल वर्मा को रेफरी (जज) नियुक्त किया गया है। उज्जैन जिला जिम्नास्टिक एसोसिएशन के सचिव ओपी शर्मा और अध्यक्ष सावन बजाज ने बताया कि आरएल वर्मा गत 25 वर्षों से अंतराष्ट्रीय जज बतौर विश्व की अनेक प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है। इस भारतीय दल में 5 खिलाड़ी 2 कोच, मैनेजर और एक दल मुखिया तथा जज सहित 9 लोग भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। आरएल वर्मा को हाल ही में मध्य प्रदेश शासन के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खेलमंत्री विश्वास सारंग द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भोपाल में सम्मानित किया गया है। आप 15 सितम्बर को इंदौर फ्लाइट से प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर सावन बजाज, एमजी सूपेकर, नवीन आर्य, संजय जौहरी, नरेंद्र श्रीवास्तव, सुनील जाधव, मुकेश जाधव, ललित बम, विजय झाला, केके खंडेलवाल आदि ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं दी।

**मासिक समीक्षा बैठक** — कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व कार्यों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

# कलेक्टर ने झारड़ा में फार्मर आईडी का प्रतिशत कम होने पर नाराजगी व्यक्त की

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले में लंबित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा की। तहसील कोठी महल में लंबित 4, तहसील उज्जैन ग्रामीण में लंबित 45, तहसील माकड़ोन में लंबित 57, तहसील उन्हेल में लंबित 36, तहसील झारड़ा में लंबित 124, तहसील महिदपुर में लंबित 208 शिकायतों को शीघ्र निराकरण किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।




बैठक में तहसील तराना एवं घट्टिया की सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा किये जाने पर नॉट अटेंडेट शिकायतों पर ध्यान दिये जाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही भविष्य में शिकायतों को समय पर अटेंड करने के लिए निर्देशित किया गया। 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की गई। एसडीएम झारड़ा को 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों कार्य संतोषजनक ना होने पर शिकायतों को शीघ्र निराकरण की चेतावनी दी गई।

खाचरौद नायब तहसीलदार का कार्य 82 प्रतिशत होने पर, तहसीलदार उज्जैन का कार्य 92 प्रतिशत होने पर कलेक्टर ने उन्हें बधाई दी। जो भी प्रकरण 06 माह से ज्यादा समय से लंबित है, उन्हें शीघ्र निराकृत किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा किये जाने पर 03 माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किये जाने का कलेक्टर द्वारा निर्देश दिया गया। समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांतरण संबंधी प्रकरणों में 01 सप्ताह के भीतर पटवारियों से रिपार्ट प्राप्त कर प्रकरणों का निपटारा किया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में समीक्षा किये जाने पर तहसील झारड़ा में फार्मर आईडी का प्रतिशत कम होने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी के कार्य पर नाराजगी व्यक्त की। तहसील माकड़ोन का 95 प्रतिशत होने पर शेष किसानों की आईडी बनाये जाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा को निर्देशित किया गया कि यदि कोई एसडीएम फार्मर आईडी पर कार्य नहीं कर रहें है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें। जिला स्तर के समस्त अधिकारियों एवं तहसील स्तर के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश कलेक्टर द्वारा दिया गया। बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें

बैठक में सीमांकन तथा अतिक्रमण संबंधी प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की गई। बैठक में डायवर्जन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की गई। समस्त एसडीएम को निर्देशित किया गया कि 02 वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र किया जाना सुनिश्चित करें। साइबर तहसील अंतर्गत नामांतरण, तामिली, पटवारी रिपोर्ट की समीक्षा की गई। समय सीमा के अंतर्गत पटवारी रिपोर्ट संबंधी कार्यवाही किये जाने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। अनाधिकृत रूप से निर्मित कॉलोनी निर्माण के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये।